# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2025

Your Path to Success

# खण्ड – अ (SECTION – A)

**प्रश्न 1. निम्न में से किसमें विभिन्न मार्चिंग आर्डरों को अच्छी तरह से वर्णित किया गया है?**

**(A) तिरुक्कुरल**

**(B) अग्नि पुराण**

**(C) शिव पुराण**

**(D) दुर्गा पुराण**

**उत्तर -** (B) अग्नि पुराण

**प्रश्न 2. जनपद अवधारणा का विस्तार निम्न में से किसमें हुआ?**

**(A) भाड़े की सेना**

**(B) घुड़सवार सेना**

**(C) पैदल सेना**

**(D) महाजनपद**

**उत्तर -** (D) महाजनपद

**प्रश्न 3. निम्न में से मौर्य साम्राज्य के संस्थापक कौन थे?**

**(A) अशोक**

**(B) चन्द्रगुप्त मौर्य**

**(C) बिंबिसार**

**(D) औरंगज़ेब**

**उत्तर -** (B) चन्द्रगुप्त मौर्य

**प्रश्न 4. निम्न में से कौन-सा युद्ध अशोक के जीवन का महत्त्वपूर्ण मोड़ था?**

**(A) कारगिल युद्ध**

**(B) तराइन की लड़ाई**

**(C) कलिंग युद्ध**

**(D) पनीपत की लड़ाई**

**उत्तर -** (C) कलिंग युद्ध

**प्रश्न 5. अर्थशास्त्र द्वारा सप्तांग में जोड़ा गया निम्न में से कौन-सा आठवाँ तत्त्व है?**

**(A) अमात्य**

**(B) दंड**

**(C) पल्टी**

**(D) शत्रु**

**उत्तर -** (D) शत्रु

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 6. तराइन के युद्ध का नेतृत्त्व करने वाले निम्न में से कौन-से राजपूत शासक थे?**

**(A) पृथ्वीराज चौहान** **(B) शिवाजी**

**(C) चन्द्रगुप्त** **(D) तांत्या तोपे**

**उत्तर -** (A) पृथ्वीराज चौहान

**प्रश्न 7. निम्न में से मुगल साम्राज्य के संस्थापक कौन थे?**

**(A) अकबर** **(B) औरंगज़ेब**

**(C) बाबर** **(D) हुमायूँ**

**उत्तर -** (C) बाबर

**प्रश्न 8. निम्न में से किसके शासनकाल में मुगल सेना का संगठन अपने शीर्ष पर पहुँच गया था?**

**(A) अकबर** **(B) औरंगज़ेब**

**(C) शाहजहाँ** **(D) बाबर**

**उत्तर -** (A) अकबर

**प्रश्न 9. निम्न में से कौन-सी एक सीधी तलवार है, जिसकी म्यान में एक चलने वाली छड़ी होती है (जो मुगलों द्वारा उपयोग की जाती थी) ?**

**(A) सिरोही** **(B) गुप्ती**

**(C) धूप** **(D) पल्टा**

**उत्तर -** (B) गुप्ती

**प्रश्न 10. मुगल सैनिक संरचना में, तोपखाने की शाखा को दिया जाने वाला सामान्य नाम था**

**(A) तोप-खाना** **(B) कज़ान**

**(C) घुड़सवार सेना** **(D) जर्ब-जान**

**उत्तर -** (A) तोप-खाना

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 11. 1806 के वेल्लोर विद्रोह के दौरान, जनरल सर जॉन क्रैडोक निम्न में से किसके कमांडर-इन-चीफ थे?**

**(A) बंगाल सेना** **(B) मद्रास सेना**

**(C) देशी घुड़सवार सेना** **(D) बम्बई सेना**

**उत्तर** - (B) मद्रास सेना

**प्रश्न 12. 1858 में भारत में ब्रिटिश शासन की भावी नीति घोषित करने वाले दस्तावेज़ का नाम निम्न में से कौन-सा था?**

**(A) गोद लेने का सिद्धान्त** **(B) अर्थशास्त्र**

**(C) वांदीवश** **(D) मैग्ना कार्टा**

**उत्तर** - (D) मैग्ना कार्टा

**प्रश्न 13. शेख साद की लड़ाई निम्न में से कहाँ पर हुई थी ?**

**(A) मेसोपोटामिया** **(B) मिस्र**

**(C) फिलिस्तीन** **(D) फ्रांस**

**उत्तर** - (A) मेसोपोटामिया

**प्रश्न 14. निम्न में से कौन पूरे यूरोप और रूस पर जर्मन सत्ता स्थापित करना चाहता था?**

**(A) मुसोलिनी** **(B) क्लाउड औचिनलेक**

**(C) रॉबर्ट लाइमान** **(D) एडोल्फ हिटलर**

**उत्तर** - (D) एडोल्फ हिटलर

**प्रश्न 15. भारतीय नौसेना में रक्षा बल के कार्यों से संबंधित निम्न कथनों पर विचार करें व सही उत्तर को चुनें :**

**I. समुद्री घुसपैठ के विरुद्ध काम करना**

**II. अवैध शिकार का विरोधी**

**(A) सिर्फ I** **(B) सिर्फ II**

**(C) दोनों I तथा II** **(D) न तो I और न ही II**

**उत्तर** - (C) दोनों I तथा II

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 16. 1857 के विद्रोह का कारण था**

**(A) सेना में उच्च जाति वाले ब्राह्मणों की भर्ती**

**(B) हिन्दू तथा मुस्लिमों को ईसाई बनाना**

**(C) भारतीय सैनिकों की देर से पदोन्नति**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर** - (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 17. मेसोपोटामिया में घेराबंदी को हटाने को असफल प्रयास था**

**(A) वादी की लड़ाई** **(B) हाना की लड़ाई**

**(C) शेख साद की लड़ाई** **(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर** - (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 18. शाही भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त करने वाला प्रथम भारतीय था।**

**(A) राम दास कटारिया** **(B) डी० एन० मुखर्जी**

**(C) के० वी० कृष्णा राव** **(D) के० एम० करिअप्पा**

**उत्तर** - (B) डी० एन० मुखर्जी

**प्रश्न 19. भारतीय सेना के पास निम्न में से कौन-सा मुख्य टैंक उपलब्ध है?**

**(A) T-72** **(B) T-90**

**(C) अर्जुन मुख्य युद्ध टैंक** **(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर** - (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 20. निम्न में से कौन-सा एक मुख्य भारतीय उपग्रह है?**

**(A) कार्टोसैट-2** **(B) जागुअर**

**(C) Su-30MKI** **(D) राफेल**

**उत्तर** - (A) कार्टोसैट-2

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 21. निम्न का मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ- A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) पलटन | (i) 10 सैनिक |
| (b) सेक्शन | (ii) 900 सैनिक |
| | (iii) 36 सैनिक |

उत्तर - (a) - (iii), (b) - (i)

**प्रश्न 22. ब्रिटिश शासन के दौरान, 1930 में भारतीय सेना के भारतीयकरण की व्यवस्था प्रारंभ हुई जिसमें धीरे-धीरे _____ अफसरों के बदले _____ अफसरों को नियुक्ति दी गई।**

उत्तर - (i) अंग्रेज, (ii) भारतीय

**प्रश्न 23. मोर्टार, _____ और _____ भारतीय पैदल सेना के हथियार हैं।**

उत्तर - (i) मशीन गन, (ii) INSAS राइफल

**प्रश्न 24. AN-32 _____ इंजन वाला भारतीय सेना का टर्बोप्रॉप विमान है जो _____ पैरा-सैनिकों को ले जाने की क्षमता रखता है।**

उत्तर - (i) दो, (ii) 39

**प्रश्न 25. गोताखोरी में मदद, _____ और _____ भारतीय नौसेना के सौम्य कार्य हैं।**

उत्तर - (i) मानवीय सहायता, (ii) आपदा राहत कार्य

**प्रश्न 26. निम्न का मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ - A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) ऑपरेशन अल-बदर | (i) चीनी सेना |
| (b) ऑपरेशन विजय | (ii) पाकिस्तानी सेना |
| | (iii) भारतीय सेना |

उत्तर - (a) - (ii), (b) - (iii)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 27. 1971 के भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान ने सबसे पहले पश्चिमी मोर्चे पर _____ और _____ पर हमला किया था।**

**उत्तर** - (i) अंबाला, (ii) अमृतसर

**प्रश्न 28. 1962 के भारत-चीन युद्ध में 13 कुमाऊँ कम्पनी के _____ को मरणोपरांत _____ शौय पुरस्कार दिया गया।**

**उत्तर** - (i) मेजर शैतान सिंह, (ii) परमवीर चक्र

**प्रश्न 29. 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान चीन ने पश्चिमी क्षेत्र में देमचोक, _____ और _____ पर हमले किए।**

**उत्तर** - (i) दौलत बेग ओल्डी, (ii) चुसुल

**प्रश्न 30. पश्चिमी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ पूर्वी पाकिस्तान में _____ आंदोलन में अवामी लीग के _____ नेता थे।**

**उत्तर** - (i) मुक्ति वाहिनी, (ii) शेख मुजीबुर्र रहमान

**प्रश्न 31. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ- A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) राजद्रोह | (i) जनसंख्या के विरुद्ध हिंसा |
| (b) आतंकवाद | (ii) नागरिक प्रतिरोध |
| | (iii) सरकार के विरुद्ध हिंसा |

**उत्तर** - (a) - (iii), (b) - (i)

**प्रश्न 32. गुरिल्ला युद्ध का प्रयोग _____ द्वारा _____ बलों के विरुद्ध किया जाता है।**

**उत्तर** - (i) छोटे समूहों, (ii) सरकारी

**प्रश्न 33. 'नक्सल' शब्द की उत्पत्ति _____ के सिलीगुड़ी के पास _____ गाँव से हुई है।**

**उत्तर** - (i) पश्चिम बंगाल, (ii) नक्सलवाड़ी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 34. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ- A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) वामपंथी आतंकवाद | (i) राजनीतिक आतंकवाद |
| (b) नार्को आतंकवाद | (ii) जापानी लाल सेना |
| | (iii) जनशक्ति |

**उत्तर** - (a) - (ii), (b) - (i)

**प्रश्न 35. लाल गलियारा क्षेत्र में घने जंगल होने के कारण _____ केन्द्र और राज्य सुरक्षा बलों के विरुद्ध _____ युद्ध पद्धति का प्रयोग करते हैं।**

**उत्तर** - (i) नक्सलवादी, (ii) गुरिल्ला

# खण्ड – ब (SECTION – B)

**प्रश्न 36.**


**(a) प्राचीन भारत में, सैनिकों की नियुक्ति करने के लिए वर्ण व्यवस्था का कैसे पालन किया जाता था ?**

**उत्तर** - प्राचीन भारत में वर्ण व्यवस्था के अनुसार क्षत्रिय सबसे बड़े युद्ध नायक माने जाते थे और मुख्य रूप से सेना का हिस्सा होते थे। हालाँकि, अन्य वर्णों के व्यक्ति भी सेना में शामिल हो सकते थे। बाद में मौर्य काल के दौरान भर्ती प्रक्रिया में बदलाव आया और सैनिकों को उनकी जाति के बजाय लड़ने की क्षमता के आधार पर चुना जाने लगा।

**अथवा**

**(b) युद्ध के समय युद्ध-स्थल का चयन कैसे करते थे?**

**उत्तर** - युद्ध-स्थल का चयन रथों, घोड़ों और हाथियों के आवागमन की सुविधा के आधार पर किया जाता था। वह स्थान दलदली या गीला नहीं होना चाहिए था ताकि रथ के पहिए न फंसें। साथ ही, मैदान इतना बड़ा होना चाहिए था जहाँ सेना अपनी व्यूह रचना (जैसे अर्द्धचन्द्राकार) आसानी से बना सके।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 37.**

**(a) दिल्ली सल्तनत के शासन के सकारात्मक बिंदु क्या हैं? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - दिल्ली सल्तनत के शासन के मुख्य सकारात्मक बिंदु -**

1. सैन्य संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव हुए और एक नया युद्ध मंत्रालय 'दीवान-ए-अर्ज' गठित किया गया।
2. सेना में नियमित सुधार कार्यक्रम अपनाए गए और वफादार सैनिकों की भर्ती पर जोर दिया गया।
3. युद्धों में पहली बार नए हथियारों, तोपों और आग्नेयास्त्रों का प्रयोग शुरू हुआ।
4. शक्तिशाली शासन सुनिश्चित करने के लिए सीमाओं की किलाबंदी और प्रभावी गुप्तचर व्यवस्था बनाई गई।

**अथवा**

**(b) मुगल सैनिक संरचना में 'कज़ान' से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर -** मुगल सैनिक संरचना में 'कज़ान' भारी तोपखाने को कहा जाता था। इन तोपों के गोलों का वजन लगभग 20-25 पाउंड होता था। भारी होने के कारण इन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना कठिन होता था, इसलिए इनका मुख्य उपयोग किलों की घेराबंदी या रक्षा के लिए किया जाता था।

**प्रश्न 38.**

**(a) प्रथम विश्वयुद्ध में त्रिपक्षीय गठबंधन का हिस्सा रहे देशों की भूमिका की जाँच कीजिए।**

**उत्तर -** प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी और इटली (शुरुआत में) त्रिपक्षीय गठबंधन का हिस्सा थे, जिन्हें 'धुरी राष्ट्र' भी कहा गया। इनकी भूमिका आक्रामक थी, जिसका मुख्य उद्देश्य यूरोप में जर्मन सत्ता स्थापित करना था। इस गठबंधन ने ब्रिटेन और फ्रांस जैसे मित्र देशों के विरुद्ध चार वर्षों तक भीषण युद्ध लड़ा।

**अथवा**

**(b) कथन "मंगल पाण्डे ने पूरे भारत में विद्रोह की चिंगारी शुरू कर दी।" की जाँच कीजिए।**

**उत्तर -** मंगल पाण्डे ने 29 मार्च 1857 को बैरकपुर में चर्बी वाले कारतूसों के विरोध में ब्रिटिश अधिकारी पर गोली चलाकर विद्रोह की शुरुआत की थी। उनके इस साहस और बलिदान ने भारतीय सैनिकों के मन में दबे असंतोष को प्रज्वलित कर दिया। इसके परिणामस्वरूप, 1857 का स्वतंत्रता संग्राम निर्धारित तिथि से पहले ही पूरे देश में फैल गया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 39. मैकमोहन रेखा से आप क्या समझते हैं? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - मैकमोहन रेखा भारत और चीन (तिब्बत क्षेत्र) के बीच की अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा है, जिसे 1914 में ब्रिटिश अधिकारी सर हेनरी मैकमोहन ने निर्धारित किया था। यह मुख्य रूप से अरुणाचल प्रदेश राज्य में स्थित है। भारत इसे वैध सीमा मानता है, लेकिन चीन इस रेखा को अस्वीकार करता है क्योंकि वह तिब्बत को स्वतंत्र नहीं मानता।

**प्रश्न 40. 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुए नौसेना के संचालनों (ऑपरेशनों) का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - 1971 के युद्ध में नौसेना के संचालनों का विश्लेषण -**

1. **पश्चिमी मोर्चा :** 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' और 'ऑपरेशन पायथन' के माध्यम से कराची बंदरगाह को तबाह कर दिया गया, जिससे पाकिस्तान की समुद्री आपूर्ति रुक गई।
2. **पूर्वी मोर्चा :** आईएनएस विक्रांत की मदद से बंगाल की खाड़ी में नाकाबंदी की गई, जिससे पाकिस्तानी सेना का संपर्क पूरी दुनिया से कट गया।

**प्रश्न 41.**

**(a) वामपंथ आतंकवाद की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - वामपंथ आतंकवाद वह विचारधारा है जो सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से वर्तमान सरकार को उखाड़कर साम्यवादी शासन स्थापित करना चाहती है। भारत में इसे 'नक्सलवाद' के नाम से जाना जाता है, जिसकी शुरुआत पश्चिम बंगाल के नक्सलवाड़ी से हुई थी। यह समूह मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे खनिज समृद्ध जनजातीय क्षेत्रों में सक्रिय है।

**अथवा**

**(b) जातीय-राष्ट्रवादी आतंकवाद की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - जातीय-राष्ट्रवादी आतंकवाद में विशेष जातीय समूह अपने लिए अधिक स्वायत्तता या एक अलग राष्ट्र की माँग करते हैं। इनका मानना होता है कि राज्य द्वारा उनके हक छीने जा रहे हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में 'उल्फा' (ULFA) और श्रीलंका में 'लिट्टे' (LTTE) इसके प्रमुख उदाहरण हैं, जो अपने लक्ष्यों के लिए हिंसक तरीके अपनाते हैं।

**प्रश्न 42. आतंकवाद की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - तंकवाद की दो मुख्य विशेषताएँ -**

1. **राजनीतिक या वैचारिक लक्ष्य :** आतंकवाद का उद्देश्य केवल हिंसा करना नहीं, बल्कि किसी विशिष्ट राजनीतिक, धार्मिक या वैचारिक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार पर दबाव बनाना होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **आम नागरिकों को निशाना बनाना :** आतंकवादी जानबूझकर निर्दोष नागरिकों और सार्वजनिक स्थानों पर हमले करते हैं ताकि समाज में अधिकतम डर और दहशत पैदा की जा सके।

**प्रश्न 43.**

**(a) प्राचीन भारत में युद्ध में 'मार्च करना' एवं 'शिविर लगाना' से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर** - प्राचीन भारत में 'मार्च करना' से तात्पर्य सेना का एक स्थान से दूसरे स्थान तक प्रस्थान करना था, जिसमें रास्ते का चयन, जलवायु की जानकारी और सुरक्षात्मक व्यूह रचना शामिल होती थी। 'शिविर लगाना' वह प्रक्रिया थी जहाँ लंबी यात्रा के बाद सैनिक आराम करते थे। शिविर के लिए सूखे, सपाट और सुरक्षित स्थान का चयन किया जाता था, जो किसी नदी या तालाब के निकट हो ताकि सैनिकों और जानवरों के लिए पानी उपलब्ध रहे और घायलों की चिकित्सा की जा सके।

**अथवा**

**(b) महाजनपद से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर** - प्राचीन भारत में 'महाजनपद' की अवधारणा जनपद के विस्तार से विकसित हुई। जब किसी शक्तिशाली राजा ने अपने राज्य की सीमाएँ बढ़ाने के लिए पड़ोसी राज्यों पर विजय प्राप्त की, तो वे विस्तृत क्षेत्र महाजनपद कहलाए। मगध, कोसल, काशी और सुरसेन जैसे महाजनपद शिल्प और उद्योग के प्रमुख केंद्र थे। इनके विस्तार के कारण ही राज्यों की रक्षा के लिए नियमित सेनाओं के गठन की आवश्यकता महसूस की गई।

**प्रश्न 44.**

**(a) द्वितीय विश्वयुद्ध को वैश्विक युद्ध क्यों कहते हैं?**

**उत्तर** - द्वितीय विश्वयुद्ध (1939-1945) को वैश्विक युद्ध इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें 30 से अधिक देशों ने भाग लिया था। यह युद्ध यूरोप, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्वी एशिया जैसे विभिन्न महाद्वीपों में फैला हुआ था। इसमें मित्र राष्ट्रों और धुरी राष्ट्रों के बीच भीषण संघर्ष हुआ और पहली बार परमाणु हथियारों का प्रयोग भी देखा गया, जिसने पूरी दुनिया की व्यवस्था को प्रभावित किया।

**अथवा**

**(b) यप्रेस (बेल्जियम) में भारतीय सेना की क्या भूमिका रही ?**

**उत्तर** - बेल्जियम के यप्रेस (इप्रा) युद्ध में भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश अभियान फौज के साथ जर्मनी के विरुद्ध अत्यंत समर्पित भूमिका निभाई। 22 अप्रैल 1915 को द्वितीय यप्रेस युद्ध में जब पहली बार गैस हमला हुआ, तब भारतीय सिपाहियों ने बिना आधुनिक उपकरणों के भी अद्वितीय साहस का परिचय दिया। उनके इसी युद्ध कौशल और शौर्य के कारण मित्र सेना को जर्मनी पर महत्वपूर्ण विजय प्राप्त हुई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 45. 1857 के विद्रोह के बाद भारतीय सेना में क्या सुधार लाए गए?**

**उत्तर** - 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश क्राउन ने भारतीय सेना को एक पेशेवर लड़ाका फौज बनाने के लिए निम्नलिखित सुधार किए -

- ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन समाप्त कर सेना को सीधे ब्रिटिश ताज (क्राउन) के अधीन कर दिया गया।
- सेना में व्यवस्थित रैंक प्रणाली और नियमित सैन्य प्रशिक्षण शुरू किया गया।
- पैदल सेना में 600 सिपाहियों के समूह में सूबेदार, जमादार और हवलदार जैसे पदों को जिम्मेदारी दी गई।
- तोपखाना और आधुनिक राइफलों के प्रयोग पर अधिक बल दिया गया।

**प्रश्न 46. भारतीय सेना के क्या-क्या कार्य हैं?**

**उत्तर** - भारतीय सेना के मुख्य कार्य -

- भारतीय सेना बाहरी आक्रमणों से देश की रक्षा करती है और आवश्यकता पड़ने पर युद्ध लड़ती है।
- यह आंतरिक खतरों, आतंकवाद और अशांति की स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करती है।
- सेना मित्र देशों के साथ संयुक्त अभ्यास कर सैन्य तैयारी और सहयोग को मजबूत बनाती है।
- प्राकृतिक आपदाओं तथा संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सेना मानवीय सहायता और सहयोग देती है।

**प्रश्न 47. कथन "भारतीय सेना का प्रमुख कार्य बाह्य आक्रमण, धमकियों (खतरों) एवं आंतरिक विद्रोह से राष्ट्रहित की रक्षा करना है।" की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - इस कथन का तात्पर्य है कि भारतीय सेना राष्ट्र की सुरक्षा की अंतिम गारंटी है। सेना का प्राथमिक उत्तरदायित्व सीमाओं पर तैनात रहकर विदेशी ताकतों के किसी भी हमले या शत्रुतापूर्ण गतिविधियों को विफल करना है। इसके साथ ही, देश के भीतर कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले सशस्त्र विद्रोहों को दबाना भी सेना का महत्वपूर्ण कार्य है। राष्ट्रहित की रक्षा में नागरिकों की जान बचाना और संकट के समय सहायता देना भी शामिल है।

**प्रश्न 48. मुगल सैनिक संरचना में हाथियों का क्या योगदान रहा ?**

**उत्तर** - मुगल सेना में हाथी शक्ति, वैभव और राजकीय आधिपत्य के प्रमुख प्रतीक माने जाते थे। सम्राट अकबर ने युद्धों में इनका व्यापक प्रयोग किया और बादशाह के निजी हाथी को 'खास' कहा जाता था। सैन्य संगठन में हाथियों को 'हलक' नामक समूहों (10-30 हाथी) में व्यवस्थित किया जाता था। इनका मुख्य कार्य शत्रु की पंक्तियों को तोड़ना, भारी तोपखाना खींचना और दुर्गम क्षेत्रों तक रसद पहुँचाना था। हालांकि, आधुनिक आग्नेयास्त्रों के आने से युद्ध में इनकी भूमिका कम होकर केवल प्रदर्शन और माल ढोने तक सीमित रह गई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 49.**

**(a) भारतीय सेना की संरचना की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर - **भारतीय सेना की संरचना -** भारतीय सेना विश्व की सबसे बड़ी और शक्तिशाली सेनाओं में से एक है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। इसकी संरचना और संगठन इस प्रकार -

- **कमान और नियंत्रण :** भारत के राष्ट्रपति सेना के उच्चतम कमांडर होते हैं। थल सेना का नेतृत्व सेनाध्यक्ष (जनरल) द्वारा किया जाता है। सेना को सात कमानों (6 कार्यात्मक और 1 प्रशिक्षण) में बाँटा गया है, जिनका नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल करते हैं।
- **संगठनात्मक पदानुक्रम :** सेना की सबसे छोटी इकाई 'सेक्शन' (10 सैनिक) होती है। इसके बाद क्रमशः प्लाटून, कंपनी, बटालियन, ब्रिगेड, डिवीजन और कोर (कोर्स) आते हैं।
- **शाखाएँ :** सेना मुख्य रूप से तीन भागों में विभाजित है - लड़ाकू हथियार (बख्तरबंद, पैदल सेना), सहायक हथियार (तोपखाना, इंजीनियर, सिग्नल्स) और सेवाएँ (चिकित्सा, रसद, शिक्षा कोर)।

**अथवा**

**(b) भारतीय वायु सेना के विभिन्न वायुयानों तथा हथियार प्रणाली के बारे में समझाइए।**

उत्तर - भारतीय वायु सेना (IAF) भारत के हवाई क्षेत्र की रक्षा करने वाली एक आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम शाखा है। इसकी मुख्य हथियार प्रणाली और वायुयान निम्नलिखित हैं -

- **लड़ाकू विमान (Fighters) :** वायु सेना के पास SU-30 MKI (बहुमुखी रूसी लड़ाकू विमान), मिराज-2000 (फ्रांसीसी), मिग-29, मिग-21 बायसन, और जगुआर जैसे शक्तिशाली विमान हैं। हाल ही में आधुनिक राफेल और स्वदेशी तेजस को भी शामिल किया गया है।
- **परिवहन विमान (Transport) :** भारी साजो-सामान और सैनिकों को ले जाने के लिए C-17 ग्लोबमास्टर, C-130J, IL-76, और AN-32 जैसे विमानों का उपयोग किया जाता है।
- **हेलीकॉप्टर :** बेड़े में Mi-26 (भारी लिफ्ट), Mi-17 V5, और चेतक/चीता शामिल हैं। स्वदेशी निर्मित ध्रुव (ALH) भी वायु सेना का हिस्सा है।
- **हथियार प्रणाली :** ये विमान हवा से हवा में मार करने वाली गाइडेड मिसाइलों, तोपों और लेजर बमों से लैस होते हैं।
- **अंतरिक्ष तकनीक :** वायु सेना ISRO के साथ मिलकर एकीकृत अंतरिक्ष सेल के माध्यम से कार्टोसैट और रिसैट-2 जैसे उपग्रहों का सैन्य उद्देश्यों के लिए प्रयोग करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50.**

**(a) 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर हुए प्रमुख जमीनी संग्रामों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - 1971 के युद्ध में पूर्वी मोर्चे (पूर्वी पाकिस्तान) पर भारतीय सेना की रणनीति तेजी से हमला करने और दुश्मन को संभलने का मौका न देने पर आधारित थी। इसके प्रमुख जमीनी संग्रामों का विवरण निम्नलिखित है -

- **चौतरफा सैन्य अभियान :** 1971 में भारतीय सेना ने पूर्वी पाकिस्तान को कई दिशाओं से घेरकर हमला किया। इस अभियान में पैदल सेना की 9 डिवीजन, बख्तरबंद रेजिमेंट और वायुसेना का सहयोग शामिल था, जिससे पाकिस्तानी रक्षा कमजोर हुई।
- **ढाका की ओर तीव्र अग्रसरता :** भारतीय सेना का मुख्य लक्ष्य ढाका पर शीघ्र कब्जा करना था। लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के नेतृत्व में टुकड़ियाँ पाकिस्तानी रक्षा पंक्तियाँ तोड़ते हुए तेजी से ढाका की ओर बढ़ीं और लगातार दबाव बनाया।
- **आत्मसमर्पण और परिणाम :** भारतीय घेराबंदी से पाकिस्तानी सेना का मनोबल टूट गया। 13 दिनों के युद्ध के बाद, 16 दिसंबर 1971 को ए.ए.के. नियाजी ने 93,000 सैनिकों सहित आत्मसमर्पण किया, जिससे बांग्लादेश बना और भारत को सफलता मिली।

**अथवा**

**(b) कारगिल पुनर्निरीक्षण समिति (KRC) के बारे में आप क्या जानते हैं?**

**उत्तर** - कारगिल युद्ध की समाप्ति के बाद, भारत सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक की जांच करने और भविष्य के लिए सुधारों का सुझाव देने हेतु इस समिति का गठन किया।

- **उद्देश्य :** इस समिति का मुख्य कार्य उन कारणों का पता लगाना था जिनके कारण घुसपैठ हुई और भविष्य में ऐसी स्थिति को रोकने के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने हेतु सुझाव देना था।

- **समिति के सदस्य :** इस समिति के अध्यक्ष प्रख्यात रणनीतिक विश्लेषक के. सुब्रह्मण्यम थे। अन्य सदस्यों में लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) के.के. हजारी, वी.जी. वर्गीस और सतीश चंद्र शामिल थे।

- **रिपोर्ट का आधार :** समिति के निष्कर्ष और जांच पूरी तरह से आधिकारिक सरकारी दस्तावेजों, प्रमाणिक रिकॉर्डों और फाइलों पर आधारित थे।

- **महत्व :** यह रिपोर्ट भविष्य में कारगिल जैसी स्थितियों को रोकने के लिए सुरक्षा ढांचे के पुनर्गठन पर केंद्रित थी।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 51.**

**(a) आतंकवाद की राजनीति विस्तार में समझाइए।**

**उत्तर** - आतंकवाद की राजनीति एक जटिल हिंसक माध्यम है, जिसका उपयोग वैचारिक या राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समाज में दहशत फैलाने के लिए किया जाता है।

1. **राजनीतिक लक्ष्य और विचारधारा :** आतंकवाद का आधार किसी राजनीतिक या वैचारिक उद्देश्य को पूरा करना होता है। इसलिए आतंकी समूह हिंसा के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाते हैं और अपनी मांगें मनवाना चाहते हैं।
2. **भय और दहशत का प्रसार :** इसमें आम नागरिकों और सार्वजनिक स्थानों को निशाना बनाया जाता है। इसके कारण समाज में असुरक्षा फैलती है और सरकार की शक्ति को चुनौती देने का प्रयास किया जाता है।
3. **गैर-राज्य अभिकर्ताओं की भूमिका :** आतंकवादी संगठन किसी देश की नियमित सेना का हिस्सा नहीं होते। फिर भी उनकी अपनी कमांड और योजना होती है, साथ ही वे सीमापार नेटवर्क से गतिविधियाँ चलाते हैं।
4. **राज्य प्रायोजित आतंकवाद :** कुछ देश दूसरे देशों को कमजोर करने के लिए आतंकी समूहों की सहायता करते हैं। इसके लिए वे धन, प्रशिक्षण और हथियार उपलब्ध कराते हैं, इसलिए आतंकवाद अंतर्राष्ट्रीय संकट बन जाता है।

**अथवा**

**(b) राजद्रोह-प्रतिकार से आप क्या समझते हैं? विवरण दीजिए।**

**उत्तर** - जद्रोह-प्रतिकार से तात्पर्य उन उपायों और सैन्य अभियानों से है, जिनके द्वारा सरकार अपनी सीमाओं के भीतर सक्रिय सशस्त्र विद्रोहियों या राजद्रोहियों को नियंत्रित करती है। इसका उद्देश्य विद्रोह के कारणों को दूर कर शांति बहाल करना होता है। राजद्रोह-प्रतिकार के प्रमुख विवरण इस प्रकार है -

1. **लोक सहयोग सुनिश्चित करना :** सरकार यह प्रयास करती है कि विद्रोहियों को स्थानीय जनता का समर्थन न मिले। इसलिए लोगों की समस्याएँ सुनकर उनका समाधान किया जाता है।
2. **विकास कार्य :** विद्रोह प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क और अन्य सुविधाएँ विकसित की जाती हैं, जिससे जनता का विश्वास सरकार पर बढ़ता है।
3. **सैन्य बल का प्रयोग :** सशस्त्र विद्रोह को रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और राष्ट्रीय राइफल्स जैसे सुरक्षा बलों का प्रयोग किया जाता है।
4. **राजनीतिक समझौता और प्रशिक्षण :** सरकार विद्रोही नेताओं से बातचीत करती है। साथ ही, सैनिकों को विशेष प्रशिक्षण देकर प्रतिकार अभियान प्रभावी बनाए जाते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success